इंदिरा गांधी नहर परियोजना के लिए विश्व बैंक से आर्थिक सहायता

1805. **श्री ओंकार सिंह लखावत:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इंदिरा गांधी नहर परियोजना को पूरा करने के लिए आर्थिक सहायता पाने हेतु विश्व बैंक को एक प्रस्ताव प्रेषित किया है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस परियोजना को पूरा करने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इसे पूरा करने में कितनी धनराशि की आवश्यकता है; और

(ग) वर्ष 1998-99 के दौरान, इस परियोजना के लिए त्वरित सिंचाई कार्यक्रम में से भारत सरकार द्वारा कितनी धनराशि प्रदान किए जाने पर विचार किया जा रहा है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोमपाल): (क) विश्व बैंक को अभी तक कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया है।

(ख) राजस्थान के इन्दिरा गांधी नहर विभाग ने सूचित किया है कि वर्ष 2005 तक नहर पूरा कर लिए जाने की आयोजना है और इस परियोजना को पूरा करने के लिए 2000 करोड़ रुपए की राशि की आवश्यकता होगी।

(ग) वर्ष 1998-99 के लिए त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम आबंटनों का अभी निर्णय नहीं किया गया है।

केन्द्रीय भू-जल बोर्ड

1806. **श्री ओंकार सिंह लखावत:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत सरकार ने भू-जल के प्रबंध, विकास, नियंत्रण व विनियमन हेतु केन्द्रीय भू-जल बोर्ड का गठन किया है;

(ख) क्या भू-जल राज्य का विषय है;

(ग) क्या राज्य सरकारों के किन्हीं प्रतिनिधियों को केन्द्रीय भू-जल बोर्ड में नामित किया गया है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या बोर्ड परामर्शदाता का कार्य करेगा या नीतिगत दिशा-निर्देश तैयार करेगा तथा इस बोर्ड के अधिकार क्षेत्र का ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोमपाल): (क) जल संसाधन मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय केन्द्रीय भू-जल बोर्ड की स्थापना वैज्ञानिक सर्वेक्षण, अन्वेषण, विकास की मानीटरी, देश के भू-जल संसाधनों का प्रबंध और नियमन करने के लिए 1970 में एक्सप्लोरेटरी ट्यूबवेल आरगेनाइज़ेशन को पुनर्नामित करके की गई थी।

(ख) भू-जल सहित, राज्य का विषय है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, अन्य बातों के साथ-साथ भू-जल संबंधी वैज्ञानिक और तकनीकी मामलों पर राज्य सरकारों को सलाह और मार्गदर्शन देता है। इसका क्षेत्राधिकार पूरे देश पर है।

Prevention of Soil Erosion on the Banks of Mahanadi

1807. SHRI BHAGABAN MAJHI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether there is any plan to prevent soil erosion along the banks of Mahanadi in Orissa;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the funds allocated during the current financial year for this purpose?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI SOMPAL): (a) The Union Government has not approved any anti-erosion scheme along the banks of the river Mahanadi, submitted by the Government of Orissa.

(b) and (c) Do not arise.

Pending Irrigation Projects in Uttar Pradesh and Andhra Pradesh

1808. DR. D. VENKATESHWAR RAO:
SHRI SANJAY DALMIA:
DR. MOHAN BABU:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the details of the irrigation projects pertaining to Uttar Pradesh and Andhra Pradesh pending with Government, the